# मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 30.06.2026

*थाना को0 कटरा साइबर सेल टीम द्वारा साइबर ठगी की घटना से सम्बन्धित धनराशि ₹ 23,489/- को पीड़िता के खाते में कराया गया वापस—*

आवेदक रंजीत कुमार पुत्र बालकृष्ण मौर्या निवासी लल्ला घाट थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर द्वारा अपने साथ हुई ऑनलाइन ठगी की सूचना थाना को0कटरा की साइबर सेल में दी गई। जिसमें ठग द्वारा खुद को बजाज फाइनेन्स का कर्मचारी बताकर पीड़ित से ₹ 24,400/- ट्राँसफर करा लिया गया था। इस संबंध में आवेदक की शिकायत को NCRP पोर्टल पर दर्ज किया गया तथा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली कटरा साइबर सेल टीम द्वारा जांच प्रारंभ की गई।

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना को0कटरा साइबर सेल टीम द्वारा उपरोक्त जाँच के दौरान बैंक/मर्चेन्ट से समन्वय कर धनराशि को होल्ड करा कर पीड़ित के खाते में ₹ 23,489/- खाते वापस करायी गयी। खाते में पैसे वापस आने पर आवेदक द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारी एवं थाना को0कटरा साइबर सेल टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। आवेदक को साइबर जागरुकता अभियान के तहत साइबर सम्बन्धी होने वाली ठगी से जागरुक किया गया व और भी लोगों को उनके द्वारा साइबर ठगी से सावधान रहने हेतु बताये जाने की बात बताई गई।

*थाना को0कटरा साइबर सेल टीम —*

निरीक्षक नीरज पाठक, प्रभारी निरीक्षक थाना को0कटरा, मीरजापुर।

उ0नि0 कृष्णकांत त्रिपाठी, प्र0साइबर सेल थाना को0 कटरा, मीरजापुर।

कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए प्रकाश सिंह, का0 इरफान अंसारी।